



# ऑयस्टर परपेचुअल 28

ऑयस्टर, 28 मिमी, एवरोज़ गोल्ड और डायमंड्स

ऑयस्टर परपेचुअल 28 18 कैरेट एवरोज़ सोना में सफ़ेद सीप, डायमंड-सेट डायल और ऑयस्टर ब्रेसलेट के साथ।




सीप डायल

# कुदरती सौंदर्य को उजागर करना

इसके डायल में 3, 6 और 9 बजे 18 कैरेट सोने के घंटे के संकेत, 9 हीरे जड़े हुए मौजूद है। सीप कुदरती तौर पर रहस्यों और आश्चर्यों से भरा होता है। अपनी उत्पत्ति के आधार पर, यह गुलाबी, सफेद, काला या पीला हो सकता है। जिसे सीप के खोल से इसे निकाला जाता है उसके अनुसार इसका रंग, गहनता और संरचना अलग-अलग होती है।

रोलेक्स में, सीप को कभी कृत्रिम ढंग से रंगा नहीं जाता है। इसके बजाय, विशेष तकनीकी ज्ञान और कौशल का प्रयोग करके केवल इसकी कुदरती सुंदरता और को बढ़ाया जाता है और मौलिक रंगों को संजोया जाता है।

चूंकि सभी सीप डायल अपने आप में अनूठे होते हैं, इसलिए बिल्कुल एक जैसा डायल किसी दूसरी कलाई पर कभी नहीं मिलेगा।



डायमंड-जड़ित बेज़ेल

# एक आकर्षक सिंफ़नी

मूर्तिकारों की तरह, रत्न सेट करने वाले बहुमूल्य धातु को बारीकी से तराश कर उस स्थान को हाथ से आकार देते हैं जिसमें प्रत्येक रत्न त्रुटिहीन ढंग से बैठाया जाएगा। जौहरी की कला और शिल्प के साथ, रत्न को बैठाया और दूसरे नगों के साथ बहुत ध्यान से संरेखित किया जाता है, और फिर इसकी गोल्ड या प्लैटिनम सेटिंग में मज़बूती से लगा दिया जाता है।

नगों के अंतर्निहित गुणों के अलावा, कई अन्य कारक भी रोलेक्स की रत्न-जड़ने की सुंदरता में योगदान करते हैं: नगों की ऊंचाई का सटीक संरेखण, उनकी दिशा और पोज़ीशन, सेटिंग की नियमितता, मज़बूती और अनुपात तथा धातुकर्म की महीन फिनिशिंग। घड़ी को उन्नत और पहनने वाले को मंत्रमुग्ध करने वाली एक आकर्षक सिंफ़नी।




18 कैरट एवरोज़ सोना

# एक विशेष पेटेन्ट

अपनी पिंक गोल्ड घड़ियों की सुंदरता को बनाए रखने के लिए, रोलेक्स ने एक एक्सक्लूसिव 18 कैरट पिंक गोल्ड मिश्रधातु बनाई और पेटेन्ट कराई जिसे खुद उसके ढलाईखाने में ढाला गया था : एवरोज़ सोना।

2005 में प्रस्तुत, 18 कैरट एवरोज़ का प्रयोग पिंक गोल्ड में सभी रोलेक्स ऑयस्टर मॉडलों में किया जाता है।



ऑयस्टर ब्रेसलेट

# रूप और कार्यात्मकता की कीमियागिरी

ऑयस्टर ब्रेसलेट में रूप और कार्यात्मकताकी निपुण कीमियागिरी का बेहतरीन संयोग है।

सर्वप्रथम 1930 दशक के उत्तरार्द्ध में प्रस्तुत, यह विशेष रूप से मज़बूत और सुखद मेटल ब्रेसलेट अपनी चौड़ी, फ़्लैट तीन-पीस लिंक्स के साथ ऑयस्टर कलेक्शन में सबसे विश्वव्यापी ब्रेसलेट बना हुआ है। ऑइस्टर पर्पेचुअल मॉडलों में ऑयस्टर ब्रेसलेट में ऑयस्टरक्लास्प लगा होता है।

# और पढ़ें तकनीकी विवरण
# ऑयस्टर परपेचुअल

संदर्भ 276245RBR

## मॉडल केस

**प्रकार**
ऑयस्टर, 28 मिमी, एवरोज़ गोल्ड और डायमंड्स

**व्यास**
28 मिमी

**सामग्री**
एवरोज़ सोना

**बेज़ेल**
डायमंड्स से जड़ित

**ऑयस्टर संरचना**
मोनोब्लॉक मिडल केस, स्क्रू-डाउन केस बैक और वाइंडिंग क्राउन

**वाइंडिंग क्राउन**
स्क्रू-डाउन, ट्विनलॉक डबल वॉटरप्रूफ़नेस सिस्टम

**क्रिस्टल**
स्क्रैच-रोधी सैफ़ायर

**जल प्रतिरोधी-क्षमता**
100 मीटर / 330 फीट तक वॉटरप्रूफ़

## घड़ी की मशीन

**प्रकार**
परपेचुअल, मैकेनिकल, सेल्फ़-वाइंडिंग

**कैलिबर (घडी के चलने की यंत्रावली)**
2232, मैन्युफैक्चर रोलेक्स

**सटीकता**
-2/+2 सेकंड/दिन, केसिंग के बाद

**ऑस्सिलेटर**
पेटेंटीकृत ज्यामिति वाले सिलिकॉन से बना सिलॉक्सी हेयरस्प्रिंग। हाई-परफ़ॉर्मेंस पैराफ़्लेक्स शॉक एब्जॉर्बर्स

**वाइंडिंग**
दो दिशाओं में परपेचुअल रोटर के ज़रिए सेल्फ़-वाइंडिंग

**पॉवर रिज़र्व**
लगभग 55 घंटे

**फंक्शन**
मध्य घंटे, मिनट और सेकंड की सुइयाँ। सटीक टाइम सेटिंग के लिए स्टॉप-सेकंड

## ब्रेसलेट

**प्रकार**
ऑयस्टर, तीन-पीस सॉलिड लिंक

**ब्रेसलेट सामग्री**
18 कैरेट एवरोज़ गोल्ड

**क्लास्प**
ईज़ीलिंक 5 मिमी कंफ़र्ट एक्सटेंशन लिंक के साथ फ़ोल्डिंग ऑयस्टरक्लास्प

## डायल

**प्रकार**
हीरा जड़ित सफेद सीप

**विवरण**
लंबे समय तक चलने वाली नीली चमक के साथ बेहद स्पष्ट क्रोमालाइट

**रत्न-जड़ना**
3, 6 और 9 बजे 18 कैरेट सोने के घंटे के संकेत, 9 हीरे जड़े हुए

## प्रमाणन

**प्रकार**
Superlative Chronometer (आधिकारिक क्रोनोमीटर प्रमाणन + केसिंग के बाद रोलेक्स सर्टिफ़िकेशन)

# Rolex.com को एक्सप्लोर करें और जानें

**सभी बौद्धिक संपदा अधिकार जैसे ट्रेडमार्क, सर्विस मार्क, ट्रेड नाम, डिज़ाइन और कॉपीराइट सुरक्षित हैं।**

इस वेबसाइट में शामिल कोई भी चीज़ लिखित अनुमति के बिना पुनरुत्पादित नहीं की जा सकती। रोलेक्स वर्तमान वेबसाइट में दिखाए गए मॉडलों में संशोधन करने का अधिकार हर समय सुरक्षित रखती है।

ROLEX